हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, रविवार 30 मार्च 2025

13 यदुवंशी में वार्षिक परिणाम व सम्मान...



14 जिले को मिले 28 मेडिकल अफसर स्वास्थ्य...





## खबर संक्षेप

### श्रीकृष्णा में एकेडिमक अवार्ड-डे कार्यक्रम आज

**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा स्कूल में अध्यापक-अभिभावक मिलन समारोह व अनुवल एकेडिमक अवार्ड-डे 30 मार्च को आयोजित किया जाएगा। प्राचार्य रवि प्रकाश ने बताया कि कार्यक्रम में कक्षा प्रथम से 12वीं तक के विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक भाग लेंगे। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के सत्र 2024-25 के वार्षिक रिपोर्ट व विद्यार्थियों के परीक्षा परिमाण सहित अन्य गतिविधियों से अवगत करवाया जाएगा। वहीं कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न, प्रशस्ति-पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा।

### श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले सम्मानित

**कनीना।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन में शनिवार को समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित करके किया। जिसमें कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस परीक्षा परिणाम में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने मेधावी छात्रों को सतत मेहनत के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें ट्रॉफी, प्रमाण पत्र व अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य नरेंद्र गौतम ने कहा कि विद्यार्थियों ने पढ़ाई के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

### ज्ञानकोष-ए-ग्लोबल स्कूल में पीटीएम आयोजित

**महेंद्रगढ़।** गांव खरखड़ा आकोदा स्थित ज्ञानकोष-ए-ग्लोबल स्कूल में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। विद्यालय सीईओ राकेश कुमार ने बताया कि अभिभावक-शिक्षक मिलन समारोह में शिक्षकों को अनेक रणनीतियों पर चर्चा करने का अवसर देते हैं, जिन्हें माता-पिता और अभिभावक छात्राओं की शिक्षा का समर्थन करने के लिए घर पर लागू कर सकते हैं, जिसमें किसी छात्र को स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करने से रोकने वाली कोई भी शैक्षणिक या व्यवहार संबंधी बात है शामिल है। उन्होंने बताया कि यह पीटीएम का उद्देश्य छात्र के शैक्षणिक प्रदर्शन, व्यवहार, सामाजिक विकास और समृद्ध कल्याण के बारे में संवाद और चर्चा का करना है।

### प्राथमिक पाठशाला की छात्रा का नवोदय में चयन

**महेंद्रगढ़।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला भगडाना की पांचवी कक्षा की छात्रा यशस्वी पुत्री



श्यामसुंदर ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करके अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस दौरान विद्यालय मुख्य शिक्षक राजेश कुमार व अध्यापिका मंजू ने विद्यालय की छात्रा यशस्वी को शुभकामना देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# पारदर्शी तरीके से हो रहा खनन कार्य मुख्यालय से आई टीम ने की वाहनों की चेकिंग

## डंपर व ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़े, 6.35 लाख का जुर्माना लगाया



नारनौल। अरावली क्षेत्र का निरीक्षण करते मुख्यालय से आई अधिकारियों की टीम। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेश अनुसार जिला महेंद्रगढ़ में पुलिस के सहयोग से खनन कार्यों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। जिला में अवैध खनन व खनिज के अवैध तरीके से परिवहन को लेकर जिला प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में पिछले तीन दिनों में जिला प्रशासन व मुख्यालय से आई टीम ने 250 वाहनों की चैकिंग की। इस दौरान राजस्थान से अवैध तरीके से रोड़ी तथा बजरी का परिवहन करते एक ट्रैक्टर ट्रॉली तथा डंपर को पकड़ा। इन दोनों वाहनों पर 6.35 लाख रुपये जुर्माना वसूली की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त डा. विवेक भारती ने बताया सरकार व जिला प्रशासन खनन कार्यों में पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य कर रहा है। जिला महेंद्रगढ़ में किसी भी सूरत में अवैध खनन या खनिज का अवैध तरीके से परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला खनन इंजीनियर डा. राजेश कुमार ने बताया कि विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग के दिशा निर्देश अनुसार मुख्यालय से टीम जिला महेंद्रगढ़ में पहुंची है। यह टीम भी लगातार खनन को लेकर कड़ी नजर रखे हुए है।

### संचालन खदानों की भी जांच की

*खनन अभियंता नीरज कुमार के नेतृत्व में इस टीम ने अरावली पहाड़ियों के गांव सोहला, बायल, रोपड़ सराय, जैनपुर, मोसमपुर, मांदी नदी के किनारे क्षेत्र और बखरीजा में अवैध खनन के लिए पत्थर तथा बजरी की जांच की गई। जांच के दौरान पुराने खनन के गड्ढों को छोड़कर कोई अवैध खनन नहीं पाया गया। इसके अलावा उन्होंने संचालन खदानों की भी जांच की तथा जिले के संचालन खदानों के आसपास कोई अवैध अतिक्रमण नहीं पाया गया। यह अभियान अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।*

## सरसों की थ्रैसिंग कार्य में आई तेजी, अब मंडी में खरीद प्रक्रियाएं में आएंगी तेजी

# महेंद्रगढ़ मंडी में हससरसों की आवक शुरू 15 किसानों की बिकी 340 क्विंटल सरसों

- सरकार के आदेशनुसार 15 मार्च से शुरू हुई थी सरसों की खरीद, दो सप्ताह मंडी में नहीं पहुंचा एक भी किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

अनाजमंडी में दो सप्ताह बाद सरसों की आवक शुरू हो गई है। शनिवार को 15 किसानों की 340 क्विंटल खरीदी गई। उम्मीद लगाई जा रही है कि अब अनाजमंडी में सरसों की आवक में तेजी आएगी। क्षेत्र में सरसों की थ्रैसिंग का कार्य जोरों चल रहा है। बता दें कि सरकार के आदेशनुसार में 15 मार्च से प्रदेश में सरसों की खरीद शुरू हुई थी, लेकिन दो सप्ताह तक एक भी किसान मंडी में सरसों की बिक्री के लिए के लिए पहुंचा। इसके पीछे कारण सरसों की कटाई न होना माना जा रहा था, लेकिन अब क्षेत्र में सरसों की कटाई लगभग पूरी हो चुकी है तथा किसान थ्रैसिंग के कार्य में जुटे हुए हैं। किसान सरसों की थ्रैसिंग करने के साथ ही मंडी में अपनी फसल लेकर पहुंचने शुरू हो गए हैं। वहीं गत दिनों मार्केट कमेटी ने अनाजमंडी की जगह रोडवेज के वर्कशॉप भवन में सरसों की खरीद प्रक्रिया की थी। शुक्रवार को एक किसान की 17.50 क्विटल सरसों की खरीदी गई थी। वहीं शनिवर को 15 किसानों की 340 क्विंटल खरीदी गई।



महेंद्रगढ़। टैक्ट्रर में सरसों खाली करता किसान। फोटो : हरिभूमि

### एकबार 40 क्विंटल सरसों बेच सकते हैं किसान

सरकार की ओर से पहले किसान एकबार में केवल 25 क्विंटल सरसों ही बेचने नियम बनाया हुआ था। ऐसे में उन किसानों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिन्होंने एमएफएमबी पोर्टल पर 25 क्विंटल से ज्यादा सरसों का रजिस्ट्रेशन करवा रखा है और पैदावार भी 25 क्विंटल से ज्यादा है, लेकिन अब किसान एकबार में 40 क्विंटल सरसों एकसाथ बेच सकते हैं। इससे रेवाड़ी-महेंद्रगढ़ जिला के किसानों को सबसे अधिक फायदा मिलेगा। क्योंकि इन जिलों में सरसों की सबसे अधिक पैदावार होती है।

### फसल सुखाकर लेकर आएं किसान

हैफेड के मैनेजर जगराम यादव ने बताया कि सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार रोडवेज के वर्कशॉप भवन में सरसों की खरीद शुरू हो चुकी है। अब किसान एक साथ 40 क्विंटल सरसों बेच सकते है। शनिवार को 15 किसानों की 340 क्विंटल सरसों खरीदी गई है। आगामी दिनों में आवक में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। किसानों से अपील हैं कि सरसों को अच्छे से सूखा कर लाएं ताकि नमी की अधिक मात्रा के कारण परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### जिले में सरसों का रकबा

| क्षेत्र | क्षेत्र पंजीकृत | किसान पंजीकृत | कुल क्षेत्र वैरिफाई |
|---|---|---|---|
| अटेली | 34799 | 11998 | 31895 |
| कनीना | 52062 | 16270 | 49523 |
| महेंद्रगढ़ | 69475 | 20777 | 62714 |
| नांगलचौधरी | 47258 | 13680 | 43260 |
| नारनौल | 60436 | 20060 | 54527 |
| सतनाली | 17320 | 4439 | 12262 |
| कुल | 281353 | 87224 | 254183 |

### कनीना मंडी में 120 किसानों से 3282 क्विंटल सरसों खरीदी




कनीना। अनाज मंडी में सरसों की खरीद करते अधिकारी।

**कनीना।** कनीना मंडी में शनिवार को 120 किसानों की 3282 क्विंटल सरसों पहुंची। जिनके मार्केट कमेटी की ओर से गेट पास जारी किए गए। मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह ने किसानों से कहा कि मंडी में साफ सुथरी तथा सुखाकर सरसों लेकर आएं। प्रारंभिक दौर में सरसों की खरीद नैफेड के लिए एनसीसीएफ, नेशनल को ऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन के माध्यम से स्टेट वेयर हाउस की ओर से की जाएगी।

### फसल कटाई के चलते रात को होगी बिजली सप्लाई

**कनीना।** फसल कटाई के समय आगजनी की घटनाओं से बचने के लिए प्रदेश के बिजली मंत्री अनिल विज के निर्देश पर बिजली सप्लाई के समय में बदलाव किया गया है। डीएचबीवीएन कार्यालय में कार्यरत जेई रामरतन शर्मा ने बताया कि खेतों में फसल पककर तैयार खड़ी है। इस समय तेज हवा चलने से बिजली तारों के आपस में संपर्क में आने से चिंगारी पैदा होकर आगजनी की संभावना रहती है। आगजनी की घटनाओं से बचने के लिए एग्रीकल्चर फीडरों में बिजली सप्लाई दिन की बजाय रात के समय की जाएगी। उन्होंने किसानों को आगाह करते हुए कहा कि वे फसल कटाई कर बिजली के तारों के नीचे एकत्रित न करें। लापरवाही बरतने पर उनकी सालभर की मेहनत पर पानी फिर सकता है।



महेंद्रगढ़। डॉ. शमशेर सिंह का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### कैप्टन डॉ. शमशेर सिंह ने आईजीयू की कार्यकारी परिषद के चुनाव में दर्ज की जीत

- ऐतिहासिक जीत से महाविद्यालय एवं समस्त शिक्षावर्ग में हर्ष की लहर दौड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रोफेसर कैप्टन डॉ. शमशेर सिंह ने हाल ही में हुए इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर जिला रेवाड़ी की कार्यकारी परिषद के चुनाव में भारी बहुमत से विजय प्राप्त की। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी को दोगुने मतों से पराजित करते हुए यह गौरवशाली उपलब्धि हासिल की। उनकी इस ऐतिहासिक जीत से महाविद्यालय एवं समस्त शिक्षावर्ग में हर्ष की लहर दौड़ गई।

डॉ. शमशेर सिंह इससे पूर्व भी कई महत्वपूर्ण पदों पर निर्वाचित होते रहे हैं। उन्होंने पहले राजकीय महाविद्यालय की कॉलेज स्थानीय इकाई के प्रधान के रूप में निर्वाचित होकर अपने नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। इसके बाद वे इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय की यूनिवर्सिटी कोर्ट के चुनाव में भारी मतों से विजयी हुए। उनकी कुशल नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें अकादमिक काउंसिल में मनोनीत किया गया।

इसके उपरांत, उन्होंने कार्यकारी परिषद के चुनाव में एक बार फिर प्रचंड जीत दर्ज की और अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। इस ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में शनिवार को राजकीय महाविद्यालय में डॉ. शमशेर सिंह का भव्य स्वागत किया गया। महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने उन्हें पुष्पमाला अर्पित कर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

अपने सम्मान समारोह में डॉ. शमशेर सिंह ने महाविद्यालय स्टाफ को आश्वस्त किया कि वे विश्वविद्यालय स्तर पर उनकी सभी समस्याओं को सुलझाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और शिक्षा एवं प्रशासन से जुड़े मुद्दों को उचित मंच पर उठाने का निरंतर प्रयास करेंगे। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय यादव, महिला महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह, उपप्राचार्य डॉ. लक्ष्मीनारायण, प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ, डॉ. बलजीत सिंह, शंकर लाल सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने प्रोफेसर कैप्टन डॉ. शमशेर सिंह को उनकी इस जीत पर बधाई दी।

## छठे दिन 130 के पास काटे, 2524 क्विंटल सरसों की हुई आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

सरसों की सरकारी खरीद छठे दिन लगातार जारी रही, जिसमें 130 किसानों ने अपनी सरसों की फसल को लेकर अनाज मंडी में पहुंचे, जिसके चलते 2524 क्विंटल सरसों की आवक रही। इन 5 दिनों के दौरान 449 गेट पास कटे, जिन में सरसों की आवक 8649 किवंटल रही। खरीद एजेंसी के मैनेजर रोशन लाल ने बताया कि शनिवार के दिन 112 किसान सरसों की ढेहरिया खरीदी गई, जिसमें 2046 किवंटल सरसों खरीद की गई, जिसमें 3000 बैगो की लिफ्टिंग की गई कुल लिफ्टिंग 6500 हो चुकी है। किसानों को अपनी फ़सल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध की हुई है। किसानों की अच्छी लैब के भाव आढ़तियों द्वारा अधिक देने के कारण आढ़तियों को भी फसल बेचने में उनके चेहरे खुश दिखाई दे रहे। अबकी बार सरसों की खरीद को लेकर कहीं पर कोई मारमारी नहीं हो रही। न ही तो कहीं पर लाइन नजर आती है।

# एचपीएस स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन

## बच्चों की योगा प्रस्तुति से सभी अभिभावक हतप्रभ रह गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में शनिवार को कक्षा नर्सरी से नौवीं व ग्यारहवीं के विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह ग्रेजुएशन सेरेमनी तथा अभिभावक अध्यापक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के साथ आकर अभिभावकों ने अपने बच्चों की वार्षिक रिपोर्ट व सर्टिफिकेट प्राप्त किए। कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के विद्यार्थियों ने देखो देखो क्या ये पेड़ है, तैनू काला चश्मा जच्दा है, यही उम्र है करले गल्ती से मिस्टेक, एक दूसरे से करते हैं प्यार हम जैसे गानों पर मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी अभिभावकों का मन मोह लिया। बच्चों की योगा प्रस्तुति से सभी अभिभावक हतप्रभ रह गए। विद्यालय एमडी निधि वर्मा ने अभिभावकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के खिले हुए चेहरों से परीक्षा परिणाम की खुशी झलक रही है। बच्चों की पूरे साल की मेहनत व लगन से की हुई पढ़ाई के नतीजे देखने लायक है। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न भेंटकर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय डीन मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील ने अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। एमडी डा. हितेश वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट परिणाम की बधाई दी।




नारनौल। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

# ऑल इंडिया सीडीएस टॉपर आदित्य यादव सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र आदित्य यादव ने अखिल भारतीय स्तर पर कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज (सीडीएस) परीक्षा में टॉप कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर आर्य समाज के लोगों ने उनके घर पहुंचकर सम्मान किया। आर्य समाज के प्रधान हरदयाल आर्य के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने आदित्य को सत्यार्थ प्रकाश ग्रंथ व मोमेंटो भेंट कर उनका अभिनंदन किया। उन्होंने उनके मातपिता को भी सम्मानित किया। सम्मान समारोह के दौरान आर्य समाज के प्रधान हरदयाल आर्य ने कहा कि आदित्य ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि आदित्य की सफलता से क्षेत्र के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और वे भी इसी तरह मेहनत कर बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित होंगे। इस अवसर पर शिक्षाविद्व एवं पूर्व सरपंच हरदूल ने कहा कि अखिल भारतीय स्तर पर सीडीएस परीक्षा में पहला स्थान प्राप्त करना अपने आपमें बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने आदित्य को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, माता-पिता के आशीर्वाद और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। समारोह में मौजूद मास्टर सूरजभान, जितेंद्र आर्य, रामौतार पुरुषार्थ, वैद्य राजेंद्र उनिंदा, होशियार सिंह, मनोज सरपंच, रणबीर सरपंच व मास्टर दिनेश सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी आदित्य को शुभकामनाएं दी।



मंडी अटेली। सीडीएस टॉपर आदित्य यादव को सम्मानित करते आर्य समाज के लोग।

**पत्रकारवार्ता** कर्मचारी को सड़कों पर आकर करना पड़ेगा सरकार की नीतियों का विरोध

# रिटायर्ड कर्मचारियों के हकों पर डाका नहीं डालने देंगे: बाबूलाल

यादव धर्मशाला में संपन्न होने वाले प्रांतीय अधिवेशन में करेंगे आंदोलन की घोषणा

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ

केंद्र व राज्य सरकार ने पेंशनर्ज कर्मचारियों की मांगे तो पूरी क्या करनी थी, उल्टा कटौती करने का षड्यंत्र रच रही है, जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बात यादव धर्मशाला में पत्रकारों को संबोधित करते हुए रिटायर्ड कर्मचारी संगठन के राज्य प्रधान बाबूलाल यादव व महासचिव कुलभूषण शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारी पिछले 10 वर्षों से सरकार से कैशलेस मेडिकल सुविधा देने, 65, 70, 75 वर्ष के बाद बेसिक पेंशन में क्रमशः पांच, 10 व 15 प्रतिशत बढ़ोतरी करने, फिक्स्ड मेडिकल भत्ता 1000 से बढ़कर 3000 करने, कम्यूटेड पेंशन की रिकवरी 15 वर्ष की बजाय 12 वर्ष में करने, फैमिली पेंशनर्स को एलडीसी की सुविधा देने की पांच मुख्य मांगों पर मांग कर रही थी। सरकार ने इन मांगों पर गौर तो क्या करना था, उल्टा हाल ही में 25 मार्च को फाइनेंस बिल के माध्यम से यह कैसा बिल लेकर आए, जिसमें पेंशनर्स की दो वर्ग कर दिए गए हैं, जिसके तहत 2026 से पहले रिटायर हुए कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग के लाभ से वंचित करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। जिस कारण महंगाई के इस दौर में पेंशनर्स को अपने बुढ़ापे के खर्च निकालना भी मुश्किल हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो सरकार अपने सांसदों व विधायकों की पांच वर्ष के बाद वेतन भत्ते बढ़ाने की सिफारिश करती है और इसके लिए कोई बिल लाने की भी आवश्यकता नहीं और दूसरी तरफ पैंशनर को दो प्रतिशत महंगाई भत्ता की किस्त दी जाती है, वहीं इन माननीय को 24 परसेंट की बढ़ोतरी दी जाती है। इस प्रकार की सरकार से गरीब कर्मचारी क्या उम्मीद रख सकता है। सरकार की इन ज्यादतियों को देखते हुए केंद्र व हरियाणा के प्रत्येक कर्मचारी को सड़कों पर आकर सरकार की नीतियों का विरोध करना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस अधिवेशन के तुरंत बाद अधिवेशन मे ही पेंशनर्स के हकों को बचाने के लिए आगामी संघर्ष की घोषणा कर दी जाएगी।

इस अवसर पर रिटायर्ड कर्मचारी संगठन के जिला महेंद्रगढ़ के प्रधान महेंद्र सिंह यादव, जिला गुरुग्राम चेयरमैन जयप्रकाश यादव, वीरसिंह, लक्ष्मण सिंह, नित्यानंद, सूरजभान, लालाराम, शीशराम, रामकिशन, रघुवीर, निहाल सिंह, यादराम, डॉ. अभिराम, रामस्वरूप, बाबू जगदीश, महावीर, दयाराम शर्मा उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। यादव धर्मशाला में पत्रकारों को जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### रामलीला परिषद मनाएगी दो दिवसीय उत्सव

**महेंद्रगढ़।** श्री रामलीला परिषद् की कार्यकारिणी की एक बैठक का आयोजन परिषद कार्यालय में किया गया। बैठक की जानकारी देते हुए कार्यकारी प्रधान अमित मिश्रा, प्रबंधक अतुल दीवान, कोषाध्यक्ष राजेश लावणिया ने बताया कि आगामी छह अप्रैल को राम नवमी उत्सव है। रामलीला परिषद कार्यालय में संरक्षक आनंद शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन कर इस अवसर पर पांच और छह अप्रैल को दो दिवसीय उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। पांच अप्रैल को प्रातः 10:15 श्री रामचरित मानस का अखंड पाठ प्रारंभ किया जाएगा।

### विवेकानंद खेल क्लब की आज होगी खेलकूद

**मंडी अटेली।** स्वामी विवेकानंद खेल क्लब अटेली द्वारा 30 मार्च को मॉडल संस्कृति स्कूल के खेल मैदान में खेल प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी, जिसमें कुश्ती, कबड्डी व एथलेटिक्स के खेल करवाए जाएंगे। इन सभी प्रतियोगिता में 18 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। कबड्डी अंडर 15 आयु वर्ग 51 किलोग्राम भार की होगी। कुश्ती अंडर 15 आयु वर्ग की होगी। एथलेटिक्स खेलों में अंडर 10, 12, 15, 18 आयु वर्ग होंगे, जिसमें लड़के व लड़कियां दोनों भाग ले सकेंगे। अंडर 10 आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ और लंबी कूद, अंडर 12 आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ और लंबी कूद, अंडर 15 आयु वर्ग में 100, 400 मीटर दौड़ होगी।

## आज नवरात्रि के प्रथम दिन करें मां शैलपुत्री की पूजा

# नवरात्र के साथ लौटी बाजार में रौनक, सजी दुकानें

**शहर व ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। दुकानों पर व्रत के सामान व पूजन सामग्री बिकने लगी है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आज से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र के लिए बाजार व मंदिर सज गए हैं। माता की आराधना के लिए लोगों को शनिवार शाम खरीददारी करते देखा गया। वहीं, मंदिरों में श्रद्धालुओं के लिए विशेष बंदोबस्त किए गए हैं। नवरात्र के पहले दिन दुर्गा के रूप शैल पुत्री की पूजा की जाएगी। इस दौरान कई घरों व मंदिरों में कलश स्थापना व नौ दिन तक जोत जलाई जाएगी। नवरात्र पर गांव सिसोठ स्थित माता भूरा भवानी मंदिर, सब्जी रोड स्थित मां दुर्गा मंदिर, खुडाना स्थित माता चिलायु मंदिर सहित अनेक मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी।

इसके अलावा बाजारों में पूजा की थाली से लेकर व्रत के खाने का सामान और माता की चुनरी की दुकानें सजी हुई है। महंगाई के बावजूद श्रद्धालुओं को खरीददारी करते देखा गया।

पूजा की थाली, व्रत का आहार और फलों के दामों में हमेशा की तरह बढ़ोतरी देखने को मिली है। नवरात्र महोत्सव को लेकर शहर व ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। दुकानों पर व्रत के सामान व पूजन सामग्री बिकने लगी है। श्रद्धालु भी खरीददारी में जुट गए हैं।


पं. राहुल भारद्वाज

### पर्वतराज हिमालय की पुत्री के रूप में हुआ मां शैलपुत्री का जन्म

ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि मां शैलपुत्री का जन्म पर्वतराज हिमालय की पुत्री के रूप में हुआ। इसलिए इनका नाम शैलपुत्री पड़ा। शैल का अर्थ होता है हिमालय। इनका वाहन वृषभ (बैल) है। इसलिए इनका एक नाम वृषभारूढ़ा भी है। इनका स्वरूप बेहद शांत और सरल है। मां ने अपने दाएं हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल धारण किया है। कठिन तपस्या करने वाली मां शैलपुत्री वन में रहने वाले जीव-जंतुओं की रक्षक भी हैं। मान्यता अनुसार जो भक्त शैलपुत्री की पूजा करते हैं, मां उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। मां शैलपुत्री को सफेद रंग बहुत प्रिय है। इसलिए गाय के दूध और शुद्ध देशी घी से बनी मिठाइयों का भोग लगाना चाहिए।

### कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त

नवरात्रि के प्रथम दिन शुभ मुहूर्त को ध्यान में रखते हुए (घटस्थापना) कलश स्थापना की जाती हैं। कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 7:52 बजे से सुबह 11:15 बजे तक रहेगा। इसके बाद अभिजित मुहूर्त में दोपहर 12:05 बजे से दोपहर 12:52 बजे तक रहेगा। कलश स्थापना के साथ ही इस दिन जौ भी बोए जाते हैं, जो कि जीवन में वृद्धि और सफलता का संकेत लेकर आते हैं। उन्होंने बताया कि शुभ मुहूर्त में किया गया कार्य पूजा अनुष्ठान हमेशा ही सफल होता है।

### कलश स्थापना की विधि

राहुल भारद्वाज ने बताया कि कलश स्थापना और पूजा के लिए सबसे पहले सुबह उठकर स्नान करे। साफ-सफाई करे। फिर कलश स्थापना के शुद्ध मिट्टी लेकर जौ बोए, फिर कलश ले, उसको पानी से भरे। कलश पर स्वस्तिक बनायें और मौली बांधें। कलश में साबुत सुपारी, पुष्प, चावल, दूब और एक सिक्का डालें। अब कलश के ऊपर पांच पत्ते लगाए। चारों तरफ पत्ते लगाकर ढक्कन लगा दें। फिर नारियल लेकर नारियल पर लाल कपड़े में लपेट कर मौली बांध दें। इस नारियल को कलश पर रखें। नारियल का मुंह आपकी तरफ होना चाहिए। यदि नारियल का मुंह ऊपर की तरफ हो तो उसे रोग बढ़ाने वाला माना जाता है। नीचे की तरफ हो तो शत्रु बढ़ाने वाला मानते है, पूर्व की और हो तो धन को नष्ट करने वाला मानते है। नारियल का मुंह वह होता है जहां से वह पेड़ से जुड़ा होता है। अब यह कलश जौ उगाने के लिए तैयार किए गए पात्र के बीच में रख दें। अब देवी-देवताओं का आह्वान करते हुए प्रार्थना करें कि हे समस्त देवी-देवता आप सभी नौ दिन के लिए कृपया कलश में विराजमान हों। आह्वान करने के बाद ये मानते हुए कि सभी देवतागण कलश में विराजमान है। कलश की विधिवत रोजाना पूजा करे।

# हैप्पी स्कूल के छात्र पुनीत यादव को मास्टर आफ बॉयो टेक्नोलॉजी से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


छात्र पुनीत यादव

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली द्वारा 21 मार्च को आयोजित 49वां एनुअल कन्वोकेशन में हैप्पी स्कूल के छात्र पुनीत यादव पुत्र अशोक यादव और सरोज कुमारी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा मास्टर आफ बॉयोटेक्नोलॉजी की उपाधि से विभूषित किया गया। पुनीत के पिता ने बताया कि वे स्वयं एक फार्मासिस्ट है और कई वर्षों से इस औषधि निर्माण प्रक्रिया के माध्यम से अनुसंधान विषय से जुड़े हुए हैं। पुनीत की माता स्वयं हिंदी अध्यापिका के तौर पर नियुक्त है, जिनके पालन पोषण और संस्कारों के कारण पुनीत आज विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहा है। पुनीत इससे पहले केंद्रीय विश्वविद्यालय से तीन वर्षीय डिग्री जीव चिकित्सा विज्ञान में राज्यपाल द्वारा दीक्षांत समारोह के दौरान स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुका हैं। इसके अलावा मेडिकल बॉयोटेक रिसर्च में भी पुनीत का चयन हुआ है, गेट-बी के आधार पर आल इंडिया लेवल पर पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ में 10 सीटों में से एक सीट पर अपना कब्जा जमाया। एआईआईएमएस में पांच बार गेट की परीक्षा में उपलब्धि प्राप्त की। प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने बताया कि पुनीत नौ साल तक हैप्पी विद्यालय का नियमित छात्र रहा हैं। छात्र हमेशा मेधावी छात्रों ने अपने गिनती करवाता रहा। अनुसंधान केंद्र में इनके द्वारा लिखे गए शोध पत्र विश्व स्तर पर पत्रिकाओं में या मेडिकल अनुसंधान से संबंधित पत्रिकाओं में प्रकाशित होंगे, जो संपूर्ण विश्व के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत का काम करेंगे। संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल और उपसंचालक कौशल्या अग्रवाल ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल और मैनेजर चंचल अग्रवाल ने विद्यार्थी, उसके अभिभावक और सभी अध्यापकों को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय में संपूर्ण प्रबंधन समिति और स्टाफ के सदस्य बच्चे को आशीर्वाद और शुभकामना देने के लिए उपस्थित रहे।

### यदुवंशी डिग्री कॉलेज के एमए पॉलिटिकल साइंस के विद्यार्थियों ने रचा इतिहास


**महेंद्रगढ़।** सफलता प्राप्त करने वाली छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा एमए पॉलिटिकल साइंस के प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज की पॉलिटिकल साइंस का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस परीक्षा परिणाम में कॉलेज स्तर पर किरण पुत्री समय सिंह ने 9.23 एसजीपीए लेकर प्रथम, कविता पुत्री अशोक कुमार 8.1 लेकर दूसरा, ज्योति पुत्री विनोद ने 8.92 लेकर तीसरा, पुष्पा पुत्री सतपाल ने 8.62 लेकर चौथा, अंशु पुत्री सूबे सिंह ने 8.31 लेकर पांचवा, अंतिम पुत्री करण सिंह ने लेकर छठा व मनीषा पुत्री अशोक कुमार ने 8.15 एसजीपीए लेकर सातवां स्थान हासिल किया। इस परीक्षा परिणाम में शिक्षा के क्षेत्र में यदुवंशी कॉलेज के पॉलिटिकल साइंस के विद्यार्थियों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन किया हैं। संस्था अध्यक्ष व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की अथक मेहनत वह शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और कॉलेज के उच्च शैक्षणिक मानको का प्रमाण है। संस्था ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करके विश्वास जताया कि यह प्रतिभाशाली विद्यार्थी आने वाले समय में भी अपने ज्ञान व कौशल से अपने यदुवंशी कॉलेज समाज का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, डॉ. प्रदीप यादव व प्राचार्य बबरूभान उपस्थित रहे।

# यदुवंशी में वार्षिक परिणाम व सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में वार्षिक परिणाम के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विद्यालय का पूर्व छात्र हाल ही में चयनित लफ्टिनेंट आदित्य यादव व विशिष्ट अतिथि संस्था के चेयरमैन राव बहादुर सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डा. अनंत शर्मा ने की। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यातिथि, विशिष्ट अतिथि व गणमान्य अतिथिजनों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डा. अनंत शर्मा ने छात्रों की मेहनत व विद्यालय की शिक्षा प्रणाली को उजागर किया। उन्होंने विद्यालय की प्रगति व छात्र छात्राओं की मेहनत को सराहा तथा उन्हें भविष्य में और अधिक सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की निदेशिका सुरेश यादव ने शिक्षा की महत्व पर प्रकाश डाला। उपप्रधानाचार्य नरेश यादव ने उत्कृष्ट छात्रों को मेमेंटो व प्रशस्ति पत्र वितरित किए। विद्यालय के पूर्व छात्र आदित्य यादव को प्रशस्ति पत्र व मेमेंटो से सम्मानित किया गया। जिन्होंने सीडीएस परीक्षा में ऑल इंडिया में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आदित्य यादव के माता पिता को भी इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन ने 51000 रुपये से सम्मानित किया।



**नारनौल।** सम्मानित होने वाले विद्यार्थी व अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

# बीएनडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

**महेंद्रगढ़।** बीएनडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोदड़ा में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें कक्षा नर्सरी से 11वीं तक का परीक्षा परिणाम शत्-प्रतिशत रहा। विद्यालय चेयरमैन विजयपाल यादव, प्रिंसिपल हनुमंत शर्मा व समस्त विद्यालय स्टाफ ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं टाप-टेन सूची में स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं के साथ-साथ कक्षा में अनुशासित विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्राचार्य हनुमंत शर्मा ने कहा कि बच्चे की उपलब्धि माता-पिता के सार्थक प्रयासों एवं शिक्षक के उचित मार्गदर्शन पर निर्भर करती है। माता-पिता बच्चे को सही वातावरण एवं शिक्षक, पाठ्यक्रम को क्रियात्मक एवं प्रयोगात्मक विधि से बच्चों को प्रदान कर भविष्य का निर्माण करने में सहयोग देते हैं। चेयरमैन विजयपाल यादव ने विजेता छात्रों, उनके अभिभावकों एवं समस्त स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। चेयरमैन ने अभिभावकों को यह विश्वास दिलाया कि विद्यालय इसी तरह आपके विश्वास को बनाए रखेगा तथा बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करेगा। सोमवार से प्रारंभ होने वाले नए शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए शुभकामना दी।


**महेंद्रगढ़।** विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# गुरुकुलम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

दी गुरुकुलम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम चेयरमैन अभय सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें तपस्वी महंत शंकरगिरी महाराज मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति व सामाजिक संस्कारों से अवगत कराया तथा लक्ष्य निर्धारित करके पढ़ाई करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन निदेशक राजपाल यादव ने किया।

महंत शंकरगिरी महाराज ने कहा कि युवा ही देश का भविष्य होते हैं, युवा ही समाज की धरोहर हैं और युवा ही देश की सुरक्षा के स्तंभ हैं। इसलिए युवाओं का शिक्षित, संस्कारित व जुनूनी होना अनिवार्य है। गुरुकुलम स्कूल में ये सभी मानक दिखाई देते हैं। उन्होंने गरीब व मेधावी प्रतिभाओं को उभारने पर विशेष फोकस करने का संदेश दिया। गुरुकुलम स्कूल के चेयरमैन अभय सिंह गुर्जर ने बताया कि बीते सप्ताह संस्था में स्कालरशिप परीक्षा का आयोजन हुआ था। जिसमें करीब 1550 विद्यार्थी सम्मलित हुए थे। परीक्षा में 90 फीसदी से अधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को दाखिला शुल्क में 95 फीसदी तक छूट मिलेगी। गुरुकुलम स्कूल के किसी भी कक्षा का सलेबस 850 रुपये से महंगा नहीं होगा।


**नांगल चौधरी।** मेधावी प्रतिभाओं को पुरस्कृत करती स्कूल प्रबंधन कमेटी। फोटो : हरिभूमि

# यदुवंशी स्कूल में वार्षिक परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतनाली मंडी

यदुवंशी शिक्षा निकेतनए सतनाली में कक्षा नर्सरी से 11वीं तक के वार्षिक परिणाम की घोषणा की गई। पीटीएम का आयोजन भी किया गया। छात्रों के परिणाम को लेकर सभी विद्यार्थी व उनके अभिभावक काफी उत्साहित रहे। सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों व छात्राओं ने मंच पर अपनी रंगारंग प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कार्यक्रम में पहुंचे अभिभावकों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि यदुवंशी परिवार प्रत्येक वर्ष ऐसे आयोजन करवाता आया हैं।

उन्होंने कहा कि सभी ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया है। विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने अभिभावकों के समक्ष उनके बच्चों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने छात्रों के सुधार की दिशा में कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर ओलिंपियाड परीक्षा, आईसीएआई कॉमर्स विजार्ड, साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन, वीवीएमए नेलटास ओलिंपियाड, एडुनो ओलिंपियाड, कॉमर्स टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन, हिंदी ओलिंपियाड फाउंडेशन जैसी विश्वव्यापी ऑनलाइन व ऑफलाइन परीक्षाओं में रैंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों व शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डा. प्रदीप यादव सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


**सतनाली मंडी।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि



**नांगल चौधरी।** सरस्वती स्कूल भोजावास में रोबोटेक लैब का शुभारंभ करते चेयरमैन दयाराम यादव। फोटो : हरिभूमि

### सरस्वती स्कूल भोजावास में रोबोटेक लैब का शुभारंभ

**नांगल चौधरी।** सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास में 40 लाख की लागत से रोबोटेक लैब स्थापित की गई। जिसमें विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा निशुल्क पढ़ाई जाएगी। शुभारंभ समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य राजेश कुमार ने की। जिसमें संस्था के चेयरमैन दयाराम यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सरकार ने शिक्षा को आधुनिक व तकनीक युक्त करने का निर्णय लिया है। जिसके मुताबिक बजट में प्रदेश के गुरुग्राम समेत दो जिलो में रोबोटेक हब स्थापित करने का प्रपोजल बनाया है। जहां विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। इसलिए स्कूल की प्रबंधन कमेटी ने रोबोटेक लैब स्थापित करने का निर्णय लिया है। लैब में विद्यार्थियों को खेलखेल में कौशल निखारने में मदद मिलेगी तथा डिजाइन बनाने व रोबोट से घरेलू कार्य कराने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले सात आठ साल में शिक्षा पूरी तरह तकनीकी हो जाएगी, इसलिए सरस्वती स्कूल में इसी सत्र से रोबोट कक्षाएं लगाने की योजना बनाई है। इसके अलावा स्कूल के सभी कमरों में डिजिटल बोर्ड लगाकर उन्हें इंटरनेट से जोड़ा गया है, ताकि युवाओं को सलेबस का रिविजन करने व सामान्य ज्ञान अर्जित करने में सहायता मिल सके।

# आरपीएस में किया ओलंपियाड विजेताओं को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आरपीएस ओलंपियाड के सैकेंड फेज में चयनित छात्र-छात्राओं के लिए पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव मुख्यातिथि रहे जबकि अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष प्रज्वलित कर किया। भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शुरू हुए कार्यक्रम का आनंद विद्यालय के सभी बच्चों व अभिभावकों ने उठाया। मुख्यातिथि डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आज अभिभावक अपने बच्चों के भविष्य को लेकर वास्तव में जागरूक हो चुका है। वे अपने बच्चों को अच्छी संस्कार युक्त शिक्षा दिलवाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस ओलंपियाड में बच्चों ने काफी उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि आरपीएस ओलंपियाड परीक्षा का मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को तरसना व निखारना व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आगे लाना है। इस प्रकार की प्रतियोगिता बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने कहा कि आरपीएस ग्रुप बच्चों के उज्ज्वल भविष्य व सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है।


**महेंद्रगढ़।** सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# पेमेंट का फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर मोबाइल हड़पने के मामले में दो आरोपियों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

ऑनलाइन फ्रॉड के मामलों में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना पुलिस ने दो आरोपितों को काबू किया है। पुलिस ने मोबाइल खरीदकर फर्जी एप से पेमेंट होने का फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर मोबाइल हड़पने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान राजेश वासी गहली व हरेंद्र वासी चिंडालिया के रूप में हुई है। आरोपित हैप्पी कम्युनिकेशन से एक मोबाइल फोन खरीद कर ले गए थे। जिन्होंने बिल पर अपना फर्जी नाम हरीश लिखवाया था। आरोपितों ने फर्जी एप के माध्यम से दुकानदार के क्यूआर कोड स्कैन कर ऑनलाइन पेमेंट किए जाने का फर्जी मैसेज दिखाया। जिसका दुकानदार ने अपने फोन में फोटो ले लिया था। पुलिस ने पूछताछ में आरोपितों से दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपित राजेश के खिलाफ पहले भी दो मामले दर्ज हैं। दोनों आरोपित नशा करने के आदी हैं। पुलिस की ओर से आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में आरोपितों से ऐसी अन्य वारदातों का भी खुलासा हो सकता है।

शिकायतकर्ता हिमांशु वासी मोहल्ला संघीवाड़ा ने साइबर थाना में दी शिकायत में बताया कि रेवाड़ी रोड पर हैप्पी कम्युनिकेशन के नाम से उसकी मोबाइल शॉप है। शिकायतकर्ता ने बताया कि 20 मार्च को एक अनजान व्यक्ति उसकी दूकान पर आया। जिसने अपना नाम हरीश बताया। उसने दुकान से एक मोबाइल खरीदा। जिसकी कीमत 19999 रुपये है। हरीश ने कहा कि वह मोबाइल की पेमेंट ऑनलाइन फोन पे से कर देता है, फिर उसने मोबाइल फोन से 19800 रुपये की ट्रांजक्शन का स्क्रीनशॉट उसे दिखाया तथा कहा कि पेमेंट कर दी है। शिकायतकर्ता ने अपने फोन में हरीश के द्वारा उसके फोन में दिखाए गए 19800 रुपये की ट्रांजक्शन के स्क्रीनशॉट की फोटो ली और उसके द्वारा बताए गए हरीश के नाम पर बिल बनाकर दे दिया। शिकायतकर्ता ने उसके फोन पे अकाउंट की हिस्ट्री चेक की तो 19800 रुपये की कोई ट्रांजक्शन इंट्री नहीं मिली। शिकायतकर्ता ने बिल में लिखवाए हुए मोबाइल नम्बर पर कॉल की तो फोन स्विच ऑफ मालूम हुआ। इसके बाद शिकायतकर्ता ने साइबर थाना में शिकायत दी। साइबर थाना की पुलिस टीम ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।


**नारनौल।** पुलिस गिरफ्त में आरोपित।


**नारनौल।** हरियाणा स्कूल के विद्यार्थी व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### हरियाणा स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित

**नारनौल।** मोहल्ला चौधरीयान स्थित हरियाणा सीनियर सेकेण्डरी स्कूल का वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह शनिवार को विद्यालय प्रांगण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय चेयरमैन हितेन्द्र शर्मा व निदेशिका संगीता शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने शैक्षणिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों व विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए कहा कि आज के बच्चे देश के कल के कर्णद्धार है। उन्हें अच्छा नागरिक बनाने के लिए अध्यापकों के साथ ही अभिभावकों की बड़ी जिम्मेदारी है। प्राचार्य अवनीश सैनी ने सत्र 2024-25 की विद्यालय की उपलब्धियों का ब्यौरा अभिभावकों व आगंतुकों के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि बच्चों को रूचिकर शिक्षा देने के साथ ही उनका सामान्य ज्ञान बढ़ाने की कोशिश होनी चाहिए, इसलिए हमारा प्रयास हमेशा विद्याथियों का सर्वांगीण विकास करना रहा है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई सही तरीके से करने के टिप्स भी दिए। विद्यालय चेयरमैन हितेन्द्र शर्मा व निदेशिका संगीता शर्मा ने सभी का स्वागत किया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नांगल सिरोही जिला महेन्द्रगढ़ में BC चोपाल तोड़ी गई है। जिसमें गाटर, पट्टी, चैनल, गेट, दरवाजे, खिड़की आदि सामान की नीलामी ग्राम सचिवालय में दिनांक 04.04.2025 को प्रातः 11 बजे लगाई जाएगी। इच्छुक व्यक्ति मौके पर पहुंचे। शर्तें मौके पर ही सुनाई जाएगी।

Secratry
9813623017

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत
नांगल सिरोही

# वाटर टैंकों के निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल का मामला विधानसभा में गूंजा

- मंत्री ने जांच का दिया भरोसा, नांगल चौधरी की विधायक ने विकास कार्यों में धांधली होने की दर्ज कराई शिकायत, तीन वाटर टैंकों की स्थिति बनी जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶नांगल चौधरी

विधायक मंजू चौधरी ने हलके में स्वीकृत वाटर टैंकों के निर्माण में अनियमिताएं बरतने का मामला विधानसभा में उठाया है। उन्होंने ठेकेदारों व जिम्मेवारी कर्मचारियों पर मिलीभगति होने के आरोप लगाते हुए जनस्वास्थ्य मंत्री से जांच कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने हलके में जल प्रबंधन पर खर्च किए गए बजट का ब्यौरा मांगा है। विधायक की शिकायत पर स्पीकर ने कड़ा संज्ञान लेते हुए विभागीय मंत्री को जांच कराने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि नांगल चौधरी हलके को डार्कजोन में शामिल किया गया है। यहां अधिकांश गांव नहरों से अटेच नहीं है, पेयजल के लिए भी ग्रामीणों को इधर उधर भटकना पड़ रहा है। दोहान पच्चीसी, नलवाटी व पहाड़ों के साथ लगते गांवों में गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न होने का खतरा बढ़ गया।

उन्होंने सिंचाई एवं जनस्वास्थ्य मंत्री से बीते 10 साल के कार्यकाल में पेयजल व्यवस्था पर खर्च हुए बजट का ब्यौरा मांगा। कहा कि करोड़ों खर्च करने के बावजूद लोगों को 70 लीटर प्रति व्यक्ति से औसत से पानी नहीं मिल पाया है। हलके के कई गांवों में तो वाटर टैंकरों से पानी सप्लाई होता है। विधायक के प्रश्न का उत्तर देती हुई जनस्वास्थ्य मंत्री ने 107.70 करोड़ बजट खर्च होने की जानकारी दी। कहा कि वर्तमान में कमानिया गांव में करीब चार करोड़ की लागत से एक वाटर टैंक का निर्माण विचाराधीन है। इसके अलावा भी डॉर्कजोन पर विशेष फोकस बनाया जाएगा। जहां भी वाटर टैंक या अन्य कोई सहायता की जरूरत को पूरा किया जाएगा। नांगल पीपा, नारेड़ी, गोद बलाहा, गोलवा में निर्मित वाटर टैंक के जर्जर होने की शिकायत पर जनस्वास्थ्य मंत्री ने तत्परता से संज्ञान लिया तथा विधायक से पार्टीकुलर वाटर टैंकों की जानकारी मांगी है। सदन को आश्वस्त करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास कार्यों में भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। विधायक ने शिकायत को विस्तृत करते हुए कहा कि सीमेंट की क्वालिटी निम्न श्रेणी की है तथा सरिया भी हलका लगाया गया है। टैंकों की तलहटी व दीवार में दरार पड़ने के कारण पानी भरना संभव नहीं होता। ग्रामीणों को सिंचाई व पेयजल की सुविधा नहीं मिल पाई है। समाधान के लिए स्पीकर ने शिकायत को लिखित में जनस्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय में भिजवाने को कहा है दूसरी तरफ मंत्री को भी तत्परता से कार्रवाई करने की हिदायत दी है।



नांगल चौधरी। विधानसभा में विकास कार्यों की धांधली का शिकायत दर्ज कराती विधायक मंजू चौधरी। फोटो: हरिभूमि

## राजनीतिक पावर होने का रौब दिखाता है ठेकेदार

सरपंच नरेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों को पानी की सुविधा मिलने से पहले ही वाटर टैंक का फर्श जमीन में धंस गया। दीवारों में भी दरार पड़नी आरंभ हो गई। जिस कारण पानी का ठहराव नहीं हो पाता। उन्होंने बताया कि निर्माण के दौरान ठेकेदार को उच्च क्वालिटी की सामग्री लगाने को कहा था, लेकिन उन्होंने राजनीतिक पावर होने की धौंस दिखाते हुए चुप रहने की हिदायत दे दी। वाटर टैंक की जर्जर स्थिति से विभागीय अधिकारी अवगत हैं।



नांगल चौधरी। वाटर टैंक की धंसी हुई फर्श व जर्जर दीवार। फोटो: हरिभूमि

## गुस्साए ग्रामीणों ने किया था प्रदर्शन

टैंक निर्माण के दौरान नांगल पीपा के ग्रामीणों ने घटिया सामग्री पर सवाल उठाए थे। निर्माण स्थल पर पहुंचकर रोष प्रदर्शन करते हुए काम भी रूकवाया था, लेकिन अधिकारियों ने ग्रामीणों की शिकायत को नजरंदाज कर दिया। जिसके परिणामस्वरूप खर्च किया गया करोड़ों का बजट बेकार साबित हो गया है।

## विकास कार्यों में भ्रष्टाचार बढ़ने से जनता परेशान

विधायक मंजू चौधरी ने बताया कि नांगल पीपा, नारेड़ी, गोद बलाहा समेत चार वाटर टैंकों का मैने स्वयं निरीक्षण किया था। उस दौरान तलहटी में दरार तथा दीवार भुरभुराने के कगार पर थी। जिसमें पानी का ठहराव नहीं होता है और ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार को भ्रष्टाचार की चेन का उजागर करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### वारदात में संलिप्त एक और आरोपी गिरफ्तार

**नारनौल।** साइबर थाना टीम ने साइबर फ्रॉड के मामले में संलिप्त एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित टेलीग्राम पर ऑनलाइन कार्य का झांसा देकर साइबर फ्रॉड करने मामले में संलिप्त था। पुलिस ने पता लगाया कि फ्रॉड में आरोपित का खाता प्रयोग हुआ था। आरोपित ने फ्रॉड की वारदातों के लिए और भी खाते खुलवाए हुए थे। आरोपित की पहचान मंजीत वासी मालवीय नगर दिल्ली के रूप में हुई है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 16 आरोपितों को पहले गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपितों से 20 हजार रुपये, 26 मोबाइल, चार लैपटॉप, 59 एटीएम कार्ड, 22 चेकबुक, आठ कैशबुक, 12 पासबुक, 17 सिम कार्ड व अन्य सामान बरामद किया था।

### नवसंवत्सर पर हवन आज

**नारनौल।** कैलाश नगर विकास समिति की ओर से नव संवत्सर पर हवन का आयोजन रेवाड़ी रोड पर किया जाएगा। संस्था के सचिव नरोत्तम सोनी ने बताया कि नव संवत्सर 2082 जो चैत्र मास शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा 30 मार्च को है। इस अवसर पर समिति की ओर से नववर्ष का स्वागत व सभी नागरिकों के सुख, शान्ति के लिए सुबह 10 बजे हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

### नववर्ष के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी आज

**नारनौल।** सांस्कृतिक अहीरवाल अपने पांचवें स्थापना दिवस व भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन 30 मार्च को यादव सभा के सभागार में किया जाएगा। विचार गोष्ठी का विषय सांस्कृतिक मान बिंदुओं की पहचान व उनका क्रियान्वयन होगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डा. वीपी यादव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांस्कृतिक अहीरवाल के निर्देशक सत्यव्रत शास्त्री करेंगे। आचार्य योगेंद्र रेवाड़ी के साथ स्थानीय प्रबुद्धवर्ग का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। सांस्कृतिक अहीरवाल के जिला मीडिया प्रमुख शीशपाल यादव ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर संगठन के सभी सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का समय प्रातः 10 बजे से 12:30 बजे तक रहेगा।

*स्वास्थ्य विभाग के लिए खुशखबरी:* 533 मेडिकल अफसरों के नियुक्ति पत्र जारी

# जिले को मिले 28 मेडिकल अफसर स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती

राज्यपाल बडारू दत्तात्रेय ने खुशी जाहिर की है तथा उम्मीद जताई है कि शीघ्र ही ये सभी मेडिकल अफसर अपने-अपने क्षेत्र में ज्वाइनिंग करेंगे।

राजकुमार ▶▶नारनौल




स्वास्थ्य विभाग के लिए खुशखबरी है। स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल (हरियाणा सरकार) ने राज्य के 533 मेडिकल अफसरों के नियुक्ति पत्र जारी किया है। इस नियुक्ति पत्र को जारी करते हुए राज्यपाल बडारू दत्तात्रेय ने खुशी जाहिर की है तथा उम्मीद जताई है कि शीघ्र ही ये सभी मेडिकल अफसर अपने-अपने क्षेत्र में ज्वाइनिंग करेंगे। इस सूची में जिला महेंद्रगढ़ को 28 मेडिकल अफसर मिले हैं, जिन्हें नियुक्ति के साथ ही स्टेशन भी अलॉट किया गया है। इन नियुक्तियों से जिले की स्वास्थ्य सेवाएं मजबूती होंगी तथा लोगों को उपचार सुगमता से मिल सकेगा।

इस लिस्ट मुताबिक जिले में सबसे पहली नियुक्ति डा. मनीषा सैनी पुत्री रोहतास सैनी को मिली है, जिन्हें सिविल हॉस्पिटल महेंद्रगढ़ स्टेशन मिला है। इसी प्रकार मेडिकल अफसर डा. राहुल पुत्र सत्यपाल सिंह सिविल हॉस्पिटल महेंद्रगढ़, डा. नेहा यादव पुत्री रणधीर सिंह सीएच महेंद्रगढ़, डा. कुसुम यादव पुत्री होशियार सिंह यादव जिला सिविल हॉस्पिटल नारनौल, डा. अंकिता पुत्री सुबेसिंह सीएच महेंद्रगढ़, डा. अनुपम यादव पुत्र कपूर सिंह सीएच महेंद्रगढ़, डा. मोहित पुत्र मदनलाल सीएच महेंद्रगढ़, डा. शालू पुत्री समुंदर सिंह यादव सीएचसी अटेली (नारनौल), डा. राजनदीप सिंह पुत्र अमरदीप सिंह सीएचसी सतनाली महेंद्रगढ़, डा. पूजा पुत्री विरेंद्र सिंह डीसीएच महेंद्रगढ़, डा. निशांत यादव पुत्र रामचंद्र सीएच महेंद्रगढ़, डा. लीना रोहिल्ला पुत्री राजेंद्र रोहिल्ला सीएच महेंद्रगढ़, डा. राहुल गुप्ता पुत्री अनिल गुप्ता डीसीएच नारनौल, डा. वंदना गक्खड़ पुत्री गोपाल राम गक्खड़ एसडीसीएच कनीना, डा. प्रीति यादव पुत्री नरेश यादव डीसीएच महेंद्रगढ़, डा. वंदना पुत्री सुबेसिंह सीएच महेंद्रगढ़, डा. विकास यादव पुत्र देवीराम यादव सीएच महेंद्रगढ़, डा. प्रभा चौधरी पुत्री मनभर सिंह चौधरी सीएचसी सतनाली महेंद्रगढ़, डा. उर्मिला कुमारी पुत्री सतबीर एसडीसीएच कनीना, डा. प्रीति सिंह पुत्री रणधीर सिंह सीएचसी सतनाली, डा. खजान पंवार पुत्र राजकुमार पंवार सीएच महेंद्रगढ़, डा. पारूल पुत्री महेंद्र सिंह सीएच महेंद्रगढ़, डा. सरिता पुत्री सुभाष चंद सीएचसी नांगल सिरोही (महेंद्रगढ़), डा. प्रतिभा पुत्री गोपाल लाल सीएचसी नांगल चौधरी, डा. राहुल कुमार पुत्र राकेश कुमार सीएच महेंद्रगढ़, डा. अभय सिंह पुत्र धर्मवीर कुमार डीसीएच नारनौल, डा. वंदना यादव पुत्री धर्मवीर कुमार डीसीएच नारनौल एवं डा. पुष्पा पुत्री रणबीर यादव सीएच महेंद्रगढ़ को नियुक्ति प्रदान की गई है।

अब स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो सकेगा तथा सरकारी अस्पतालों में उपचार सेवाएं बढ़ने से जनता का इनके प्रति और विशेष बढ़ेगा। इससे प्राइवेट अस्पताल में जाकर इलाज लेने का खर्चा भी बच सकेगा।

### यह कहते हैं सिविल सर्जन



सिविल सर्जन डा. अशोक कुमार ने इन नियुक्तियों पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इससे स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार आएगा। चिकित्सक मिलने का सीधा फायदा जिले की आम जनता को पहुंचेगा और वह सरकारी अस्पतालों में आसानी से इलाज करा पाएंगे।

# 16 किलो गांजा पत्ती सहित तीन नशा तस्कर गिरफ्तार

- अवैध नशीले पदार्थों का कारोबार करने वालों के खिलाफ जिला पुलिस की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। पुलिस गिरफ्त में नशा तस्कर।


सीआईए टीम और साइबर सेल की संयुक्त टीम को बड़ी कामयाबी मिली है। सीआईए महेंद्रगढ़ और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने सतनाली क्षेत्र से तीन आरोपितों को नशीले पदार्थ सहित पकड़ा है और भारी मात्रा में गांजा पत्ती बरामद की है। सीआईए की पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सतनाली क्षेत्र में नाकाबंदी कर तीन आरोपितों को अवैध नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। टीम ने गाड़ी से करीब 16 किलो गांजा पत्ती बरामद की है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपित छत्तीसगढ़ से गांजा पत्ती लाए थे।

सीआईए पुलिस टीम लोहारु चौक सतनाली पर मौजूद थी, टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक गाड़ी में तीन लड़के राहुल, देवेंद्र व दिनेश वासी जड़वा थाना सतनाली गाड़ी अवैध गांजापत्ती लेकर लोहारु की तरफ से होते हुए सतनाली की तरफ आ रहे हैं। तुरंत प्रभाव से नाकाबंदी कर चेकिंग की जाए तो गांजापत्ती सहित काबू किए जा सकते हैं। जिस सूचना पर टीम ने जवाहर नगर अंडरपास के पास नाकाबंदी कर चेकिंग शुरू कर दी।

कुछ समय बाद लोहारू की तरफ से एक गाड़ी आती दिखाई दी, जिसको रुकवाकर गाड़ी में बैठे तीन लडकों को काबू करके नाम पता पूछा तो चालक ने अपना नाम देवेंद्र वासी जड़वा व आगे बैठे दूसरे लड़के ने अपना नाम राहुल वासी जड़वा व पीछे बैठे लड़के ने अपना नाम दिनेश वासी जड़वा बताया। गाड़ी की पिछली सीट पर रखे दो पिट्ठू बैगों को खोलकर चैक किया तो एक बैग में भूरे रंग के प्लास्टिक टेप लगे हुए दो पैकेट मिले तथा दूसरे बैग में भूरे रंग का प्लास्टिक टेप लगा हुआ एक पैकेट मिला। जिनको चेक किया तो गांजापती पाई गई, तीनों पैकेटों का कुल वजन 16.030 किलोग्राम पाया। पुलिस ने नशीले पदार्थ को जब्त कर लिया और आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# केंद्रीय विवि में आईआईटी स्थापित करवाने के लिए सांसद ने की पैरवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶महेंद्रगढ़



- संसद के सत्र में प्रश्नकाल में उठाया मुद्दा, केंद्रीय शिक्षा मंत्री के सामने रखी मांग
- केंद्रीय विश्वविद्यालय को एजुकेशन हब के रूप में विकसित करने का रखा प्रस्ताव


एकतरफ जहां केंद्र सरकार ने हरियाणा में एक आईआईटी स्थापित करने का फैसला लिया गया है। वहीं दूसरी तरफ सभी सांसदों ने इसे अपने-अपने लोकसभा क्षेत्र में स्थापित करवाने के लिए पैरवी शुरू कर दी है। इस बीच महेंद्रगढ़-भिवानी से सांसद धर्मबीर सिंह ने भी लोकसभा क्षेत्र में आईआईटी स्थापित करने की मांग की है। सांसद ने लोकसभा सत्र के दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री से सवाल पूछा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा को एक एजुकेशन हब के रूप में विकसित करने के लिए सरकार की क्या योजना है।

सांसद ने यह भी कहा है कि केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्पेशलाइज्ड रिसर्च सेंटर भी स्थापित किए जाएं। ऐसा करने से यह विश्वविद्यालय एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर के संस्थान के रूप में स्थापित हो सकेगा, जिससे अन्य विश्वविद्यालय जैसे दिल्ली विश्वविद्यालय, जेएनयू व अन्य संस्थानों से दबाव कम किया जा सके। संसद के प्रश्नकाल के दौरान पूछे गए सवाल नंबर 3888 में सांसद ने ये भी पूछा है कि केंद्रीय विश्वविद्यालय में इंडस्ट्रीयल कोलोबरेशन्स करवाने एवं इंजीनियरिंग के इंकूबेशन सेंटर स्थापित करने को लेकर सरकार की क्या योजना है। आईआईटी की स्थापना को लेकर सभी सांसद अपने अपने तरीके से पैरवी कर रहे हैं। ऐसे में सांसद धर्मबीर ने केन्द्रीय विश्वविद्यालय को एक एजुकेशन हब के रूप में डेवलप करने के मामले को संसद में उठाकर केंद्र सरकार पर अप्रत्यक्ष रूप से दबाव तो बना ही दिया है। अब देखना ये होगा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय अब ऐसे में क्या फैसला लेता है।

## मारपीट करने वाले दो आरोपी काबू, तलवार व चाकू बरामद

**नारनौल।** हाथ में तेजधार हथियार लहराने व मारपीट करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना अटेली पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान साहिल व अमित वासी कांटी अटेली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों से एक तलवार व एक चाकू बरामद किया है। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

शिकायतकर्ता मनीष कुमार वासी कांटी ने थाना अटेली में शिकायत दर्ज कराई कि 27 मार्च को वह घर पर ही था। तब उसके घर के पड़ोस में रहने वाला साहिल व अमित उसके घर के सामने म्यूजिक बजा रहे थे और साथ ही उनके हाथों में तेजधार वाले तलवार व चाकू लहरा रहे थे। जब शिकायतकर्ता ने उनको ऐसा करने के लिए मना किया, तो उसके साथ मारपीट करने लगे। तभी उसी बीच दारू के नशे में उसके पिता विजय आए और वह भी मारपीट तथा गाली गलोच करने लगे। शिकायतकर्ता ने डायल 112 पर कॉल कर इसकी सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर आरोपितों को पकड़कर तेजधार हथियार बरामद कर लिए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



## शराब ठेके में लगी आग, दमकल की गाड़ी ने पाया काबू

**महेंद्रगढ़।** गांव पाली में स्थित एक शराब ठेके में अचानक आग लग गई। ठेके में आग लगने से शराब आदि सामान जल गए हैं। इसके अलावा आग की लपटे पास लगे खेत में जा पहुंची, जिससे गेंहू की पूलियां जल गई। ठेके सैल्समैन ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार गांव पाली में एक शराब का ठेका है। शनिवार दोपहर करीब 12:30 बजे ठेके में अचानक आग लग गई। ठेके में रखी अंग्रेजी-देशी की शराब बोतल-पव्वे, तख्त, पंखा जल गए। आग की लपटे पास लगे खेत मालिक नरेंद्र तक जा पहुंची। खेत में रखी गेंहू की पूलियां जलकर राख हो गई।

## पाठशाला स्कूल के पीछे खाली प्लॉट में लगी आग

**महेंद्रगढ़।** पाठशाला स्कूल के पीछे खाली पड़े एक ट्रस्ट के प्लॉट में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। वहां सूखी लकड़ी व कूड़ा पड़ा हुआ था। फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंचकर लगभग एक घंटे में आग पर काबू पाया। मोहित बंसल ने बताया कि उनके घर के पास लगता एक खाली प्लॉट पड़ा हुआ है, जिसमें सूखी लकड़ी व कूड़ा करकट पड़ा रहता है। अचानक उस प्लॉट में आग लग गई। आग प्लॉट के एक छोर से शुरू हुई और धीरे-धीरे पूरे प्लॉट में फैल गई। उस समय हवा भी तेज चल रही थी। वहां पर खड़े कुछ पेड़ भी इसकी चपेट में आ गए, जिस कारण प्लॉट से आग के साथ धुएं की लपटे उठने लगी। धुआं पास लगते एक मकान में जाने लगा। तब उस घर की महिलाओं ने इसकी सूचना अपने परिवार के लोगों को दी।

उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड को इस घटना की सूचना दी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंचकर लगभग एक घंटे में आग पर काबू पाया। मोहित ने बताया कि अगर हम समय पर फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना नहीं देते तो, हो सकता है आग आसपास में और फैल जाती, जिससे नुकसान हो सकता था। उन्होंने बताया कि हमारे मकान के पीछे ऐसी व इलेक्ट्रिक के वायर निकले हुए थे। अगर इधर आग पकड़ लेती तो काफी नुकसान हो सकता था। प्लॉट के साइड में भी और सुखी लड़कियां पड़ी हुई थी।

# स्वास्थ्य मंत्री ने की महिला कॉलेज को 11 लाख रुपये देने की घोषणा

- सरकार की शिक्षा नीति की बदोलत यहां के युवा प्रतियोगी परीक्षाओं में गाड़ रहे झंड़े : आरती
- छात्राओं को दिया चंडीगढ़ आकर विधानसभा देखने का न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶नारनौल



नारनौल। एनएसएस कैंप के समापन कार्यक्रम में छात्राओं को सम्मानित करती स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव। फोटो: हरिभूमि

केबिनेट मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि एनएसएस एक महत्वपूर्ण योजना है, जो लड़कियों के लिए बहुत जरूरी है। ऐसे कार्यक्रमों से लड़कियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिलता है। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है। स्वास्थ्य मंत्री शनिवार को अटेली के राजकीय महिला कॉलेज में सात दिवसीय एनएसएस विशेष कैंप के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी। इस मौके पर उन्होंने छात्राओं को भी सम्मानित किया। स्वास्थ्य मंत्री ने राजकीय महिला कॉलेज के लिए अपने कोटे से 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने खेल के मैदान के लिए भी आश्वासन दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने छात्राओं को विधानसभा देखने के लिए चंडीगढ़ आने का न्योता दिया। उन्होंने राजकीय महिला कॉलेज में पीजी कोर्स शुरू करवाने के लिए भी आश्वासन दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार की शिक्षा नीति की बदौलत हरियाणा के युवा सभी प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं में अव्वल स्थान पर आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय लड़कियों को उच्चतर शिक्षा ग्रहण करने के लिए बहुत बड़ा प्लेटफार्म है। इसी प्रकार कोरियावास गांव में बन रहा मेडिकल कॉलेज चिकित्सक बनने का सपना देख रहे युवाओं के लिए बड़ी सौगात है।

**हादसा** टायर बदलते समय पीछे से आ रहे ट्राले ने दोनों व्यक्तियों को ले लिया था चपेट में

# परिवार के मुखियाओं की मौत के बाद छाया मातम 19 वर्ष के युवकों पर आया परिवार का जिम्मा

- शुक्रवार को 152 डी पर हादसे में मारे गए दोनों व्यक्ति पंजाब के जिला लुधियाना के न्यू शिमला के रहने वाले थे

महेश कुमार ▶▶महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। मृतकों को पोस्टमार्टम कराने पहुंचे परिजन। फोटो: हरिभूमि

ग्रीन कॉरिडोर 152 डी पर शुक्रवार को हुए सड़क हादसें में मारे गए दोनों व्यक्तियों की पहचान हो गई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक पंजाब के जिला लुधियाना के न्यू शिमला के रहने वाले थे। पोस्टमार्टम के समय मृतकों के परिजन पूरी तरह से भावुक नजर आए। दोनों व्यक्तियों की मौत के बाद परिवार के पालन पोषण का जिम्मा 19 वर्ष के युवकों पर आ गया है। हादसे में मारे गए ड्राईवर के दो बच्चे अब अनाथ हो चुके है।

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार पंजाब के जिला लुधियाना के न्यू शिमला निवासी 50 वर्षीय मनजीत सिंह ड्राइवर तथा अब्दुल्लापुर बस्ती लुधियाना निवासी 48 वर्षीय हेल्पर कुलविंदर सिंह 15 मार्च को कैंटर में सामान भरकर लुधियाना से बैंगलोर के लिए गए थे। वहां से कैंटर खाली करके वापसी में सामान भरकर भीलवाड़ा लेकर पहुंचे। उसके बाद वह राजस्थान के पीहलवाडा से लोहे का रोल कैंटर में भरकर लुधियाना के लिए आ रहे थे। जब वह शुक्रवार को ग्रीन कॉरिडोर 152 डी पर गांव चितंलाग के समीप अपनी गाड़ी को खड़ी करके टायर चेक कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्राले ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। दोनों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

## हेल्पर का एक बेटा है अपाहिज

हेल्पर 48 वर्षीय सुखविंदर पटा कमानी का मिस्त्री का काम करता था। वह मनजीत सिंह के साथ आ गया था। सुखविंदर के दो लड़के हैं, बड़े लड़के के दोनों पैर खराब हैं। जिससे वह घर पर ही रहता है। छोटा लड़का प्रीतम वह कोई कार्य सीख रहा है। अब पिता की मौत के बाद 19 वर्षीय प्रीतम के ऊपर ही परिवार के पालन पोषण करने की जिम्मेदारी रहेगी।

## ड्राइवर के दो बच्चे हुए अनाथ

मृतक ड्राइवर मनजीत सिंह के तीन बच्चे हैं। मृतक मनजीत सिंह अपने परिवार में कमाने वाला व्यक्ति था। उनकी बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है तथा मृतक की पत्नी बीमारी के चलते दो साल पहले देहांत हो गया था। मृतक मनजीत सिंह व अपने 19 वर्षीय बेटे सुल्तान सिंह तथा बेटी 17 वर्षीय जैस्मिन के साथ रहता था। मृतक की बेटी अभी कक्षा दसवीं की पढ़ाई कर रहीं है। पिता की मौत से सुल्तान सिंह के सामने अपनी जिम्मेदारी के साथ बहन की जिम्मेदारी का जिम्मा भी आ गया है।